web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

SJU Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, बुधवार 12 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 16

## महत्वपूर्ण एवं खास



### प्रधानमंत्री ने श्री महाकालेश्वर मन्दिर में की पूजा-अर्चना

**उज्जैन (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उज्जैन में 'श्री महाकाल लोक' के लोकार्पण से पूर्व श्री महाकालेश्वर मन्दिर में पूजा-अर्चना की। विधि-विधान से पं. घनश्याम शर्मा ने पूजन करवाया। प्रधानमंत्री मोदी सायं 6 बजे श्री महाकालेश्वर मन्दिर पहुँचे। सफेद धोती, अंग-वस्त्र, केसरिया दुपट्टा, माथे पर त्रिपुण्ड और गले में रूद्राक्ष की माला धारण किये हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे भक्ति-भाव से भगवान श्री महाकाल का पूजन एवं आरती की। उन्होंने भगवान श्री महाकालेश्वर का जप एवं ध्यान भी किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उपस्थित थे।

### बाइक सवार दो युवकों को वैन ने रौंदा; मौके पर दर्दनाक मौत

**सुल्तानपुर (आरएनएस)।** दुर्गापूजा देखकर घर लौट रहे दो युवकों की सडक़ हादसे में मौत हो गई है। सूचना मिलते ही दोनों परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने दोनों युवकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार घटना लखनऊ-बालिया राजमार्ग पर कोतवाली कादीपुर क्षेत्र की है। कोतवाली अंतर्गत मगरावा गांव निवासी गुड्डू मौर्य (24) और विवेक प्रजापति (22) कादीपुर तहसील मुख्यालय से दुर्गापूजा देखकर बाइक से अपने घर जा रहे थे। वह जैसे ही गांव के पास लाल चंद की दुकान के पास पहुंचे थे तभी सामने से आ रही वैन ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई और वैन सडक़ के किनारे पलट गई। घटना के बाद वैन चालक मौके से फरार हो गया है। मृतक विवेक प्रजापति के भाई सुभाष प्रजापति की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

### आकाशीय बिजली का कहर, खेत में काम कर रहे 6 लोगों की मौत

**झांसी (आरएनएस)।** मऊरानीपुर तहसील और रक्सा थाना इलाके में आकाशीय बिजली ने जमकर कहर बरपाया। मऊरानीपुर में निकेता, पिंकी देवी, क्रांति भनपुरा के चरण सिंह, भदरवारा निवासी कोजल और रक्सा थाना क्षेत्र के मुहल्ला लखनपुरा के रहने वाले गोविंद सिंह की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि गीता, खुशबू, पार्वती निवासी मऊरानीपुर और प्रेम सिंह, लक्ष्मण राजपूत निवासी रक्सा की हालत गंभीर बनी हुई है, यह सभी लोग अपने अपने खेतों पर खेती कार्य से गए हुए थे। झांसी में हुई तेज मूसलाधार बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली में अब तक 6 लोगो की मौत हो चुकी है। वही आधा दर्जन से अधिक लोग घायल बताए गए है। मरने वाले लोगो में महिलाएं भी शामिल है। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां घायलों को प्राथमिक उपचार किया गया तथा मृत लोगों की सूचना तहसील प्रशासन को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंचे तहसील प्रशासन ने मौका मुआयना किया तथा परिजनों से जानकारी ली।

### मुलायम सिंह की मौत की खबर सुनकर मजदूर ने की आत्महत्या

**कानपुर (आरएनएस)।** शहर में नेताजी मुलायम सिंह यादव की मौत की खबर सुनकर मजदूर ने आत्महत्या कर ली। मजदूर की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि राजेश कुमार यादव (50) इस्पात नगर में मजदूरी करता था। काम से वापस घर आते वक्त सोमवार को उन्हें मुलायम सिंह यादव के निधन की बात पता चली। इसपर वह बौखला गया और यह कहते हुए कि जब मुलायम सिंह नहीं रहे तो हम जीकर क्या करेंगे उसने पांडु नदी में छलांग लगा दी। राजेश यादव की मौत के बाद पत्नी रामरती और चार नाबालिग बेटियां ममता,ललिता,सरिता और आरूषी का हाल बेहाल है। भाई अमर बहादुर ने बताया कि बड़े भइया राजेश का नेताजी से बहुत लगाव था। उनके निधन की खबर सुनकर वह अवसाद में चले गए और आत्महत्या कर ली।

# कलेक्टर रानू साहू सहित अनेक अधिकारियों के यहां पड़ा ईडी का छापा




**कोरबा (आरएनएस)।** मंगलवार को कलेक्टर रानू साहू के घर पर ईडी की रेड पड़ी है। सुबह 5 बजे से ईडी की टीम में दर्जन भर से अधिक अधिकारी शामिल हैं। ईडी की टीम ने रायगढ़ के गांजा चौक निवासी नवनीत तिवारी के घर में भी छापा पड़ा है। दूसरी ओर दुर्ग में सौम्या चौरसिया, रायपुर के देवेंद्र नगर में सीए विजय मालू, रायगढ़ स्थित कलेक्टर रानू साहू के निवास-3, महासमुंद में अग्नि चंद्राकर और अनुपम नगर रायपुर स्थित सूर्यकांत तिवारी, माइनिंग हेड आईएएस जेपी मौर्या के रायपुर स्थित आवास में भी छापा।

मंगलवार की अलसुबह छत्तीसगढ़ में रानू साहू, उनके पति जे पी मौर्य और सौम्या चौरसिया सहित कई अन्य लोगों के ठिकाने पर ई डी ने रेड की है। समीर विश्नोई सीईओ, चिप्स और माइनिंग के पूर्व डायरेक्टर के देवेन्द्र नगर स्थित घर पर भी छापा पड़ा है। बताया जाता है कि कोरबा और दंतेवाड़ा जिले में डी एम एफ की सबसे ज्यादा राशि मिलती है।

## एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर मारा छापा

**श्रीनगर (आरएनएस)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने मंगलवार को राजौरी स्थित अल हुदा शैक्षणिक ट्रस्ट की संदिग्ध गतिविधियों से संबंधित एक मामले में जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर छापा मारा।

एजेंसी के अधिकारी राजौरी, पुंछ, जम्मू, श्रीनगर, पुलवामा, बडगाम, शोपियां और बांदीपोरा जिलों में तलाशी ले रहे हैं। अधिकारियों ने कहा, एनआईए ने अल हुदा शैक्षणिक ट्रस्ट के फंडिंग पैटर्न और गतिविधियों के बारे में मामला दर्ज किया था। यह संस्था जमात-ए-इस्लामी जम्मू-कश्मीर के लिए एक फ्रंट इकाई के रूप में काम कर रही है। जमात-ए-इस्लामी जम्मू-कश्मीर को यूए (पी) ए 2019 के तहत 'गैरकानूनी संघ' घोषित किया गया है।

## शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी की बड़ी कार्यवाई, ममता बनर्जी के एक और विधायक को किया अरेस्ट

**कोलकाता (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल के शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने इस मामले में तृणमूल कांग्रेस विधायक माणिक भट्टाचार्य को गिरफ्तार किया है। इससे पहले मंत्री पार्थ चटर्जी को भी अरेस्ट किया गया था और उनके ठिकानों से करोड़ों रुपये की रकम बरामद की गई थी। माणिक भट्टाचार्य पश्चिम बंगाल बोर्ड ऑफ प्राइमरी एजुकेशन के चेयरमैन थे। इसी साल जून में कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश पर उन्हें पद से हटाया गया था। उन पर इस घोटाले में शामिल होने के आरोप लगे थे, जिसके बाद मामला उच्च न्यायालय पहुंचा और वहीं पर यह आदेश दिए गए।



माणिक भट्टाचार्य टीएमसी के दूसरे विधायक हैं, जिन्हें ईडी ने इस मामले में अरेस्ट किया है। इससे पहले पार्थ चटर्जी को जुलाई में गिरफ्तार किया गया था। वह टीएमसी के सीनियर नेताओं में से एक थे, लेकिन घिरने के बाद ममता बनर्जी ने उन्हें पार्टी और मंत्री पद से बाहर का रास्ता दिखा दिया था। ईडी ने पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के दो फ्लैटों से 50 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम बरामद की थी। बता दें कि कलकत्ता हाई कोर्ट ने आदेश दिया था कि माणिक भट्टाचार्य सीबीआई के सामने पेश हों। इसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट चले गए थे, जहां से उन्हें राहत मिली थी। शीर्ष अदालत ने एजेंसी को आदेश दिया था कि अगले किसी निर्णय तक कोई ऐक्शन न लिया जाए।

हालांकि अब ईडी ने उन पर शिकंजा कस दिया है। ईडी एक सीनियर अधिकारी ने कहा कि भट्टाचार्य को अदालत से जो राहत मिली थी, वह सीबीआई को लेकर थी। लेकिन ईडी अलग एजेंसी है। इसी मामले में ईडी अलग से जांच कर रही है और आर्थिक लेनदेन के मामलों पर उसकी ही नजर है। इसके अलावा अन्य मामलों पर सीबीआई जांच कर रही है। आज माणिक को ईडी की ओर से पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा। बता दें कि इसी साल मई में कलकत्ता हाई कोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। इसके अलावा ईडी को भी इस मामले में शामिल किया गया है। ईडी की ओर से सितंबर में इस केस में पहली चार्जशीट दाखिल की गई थी।

## भारी बारिश के चलते कर्नाटक के 10 जिलों में येलो अलर्ट जारी



**बेंगलुरू (आरएनएस)।** बेंगलुरु में भारी बारिश की वजह से मंगलवार को कर्नाटक के 10 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने आगे भी बारिश की संभावना जताई है। आईएमडी ने कहा कि अगले दो दिनों तक 20 जिलों में गरज के साथ बौछारें भी पड़ेंगी।

येलो अलर्ट के तहत जिले कालाबुरागी, यादगिरी, रायचूर, कोप्पल, गडग, बेलगावी, बल्लारी, चित्रदुर्ग, चिक्कमगलुरु और चिक्काबल्लापुर हैं। हालांकि, राज्य के तटीय क्षेत्र के लिए ऐसी कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

अनुमान लगाया जा रहा है कि यह मौसम कुछ और दिनों तक बना रहेगा।

वेदरमैन ने बुधवार को उत्तरी जिलों कालाबुड्डरागी, यादगिरी, रायचूर, कोप्पला, गडग, बेलगावी में बारिश की भविष्यवाणी की है।

इस बीच, दक्षिणी जिलों तुमकुरु, कोलार, चिक्कबल्लापुर और बेंगलुरु ग्रामीण में भारी बारिश होने वाली है।

चिक्कमगलुरु, मैसूर, चामराजनगर, हासन, कोडागु, शिवमोग्गा, चित्रदुर्ग और दावणगेरे जिलों में भी मंगलवार को भारी बारिश होगी।

अधिकारियों को सतर्क रहने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है।

## पालघर लिंचिंग : सुप्रीम कोर्ट में बोली महाराष्ट्र सरकार, सीबीआई को मामला ट्रांसफर करने को तैयार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि उसे 2020 के पालघर लिंचिंग मामले को सीबीआई को सौंपने में कोई आपत्ति नहीं है। महाराष्ट्र पुलिस के सहायक पुलिस महानिरीक्षक ने एक अतिरिक्त हलफनामे में कहा, याचिकाकर्ताओं ने जांच सीबीआई को हस्तांतरित करने की मांग की है, मैं कहता हूं और प्रस्तुत करता हूं कि महाराष्ट्र राज्य सी.आर. संख्या 76/2020 और सी.आर. संख्या 77/2020 की जांच सीबीआई को सौंपने के लिए तैयार है और इसके लिए कोई आपत्ति नहीं होगी।



महाराष्ट्र पुलिस की प्रतिक्रिया अधिवक्ता शशांक शेखर झा और अन्य द्वारा दायर याचिकाओं पर आई है। याचिकाओं में दो साधुओं महाराज कल्पवृक्ष गिरि और सुशील गिरि महाराज की लिंचिंग का मुद्दा उठाया गया था और मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की गई थी।

जून 2020 में, श्री पंच दशाबन जूना अखाड़े के हिंदू साधुओं और दो मृतक साधुओं के रिश्तेदारों ने भी मामले की जांच में राज्य के अधिकारियों द्वारा पक्षपात का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

सभी याचिकाओं में मामले में एक स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करने के लिए जांच सीबीआई को स्थानांतरित करने की मांग की।

हलफनामे में कहा, 6 अगस्त, 2020 के आदेश के अनुसरण में, महाराष्ट्र राज्य ने 28 अगस्त, 2020 के अपने हलफनामे के माध्यम से रिकॉर्ड पर चार्जशीट दायर की है। उपरोक्त चार्जशीट के अलावा, पुलिस के खिलाफ की गई कार्रवाई का विवरण विभागीय जांच के माध्यम से कर्मियों को भी 28 अगस्त, 2020 के हलफनामे के माध्यम से रिकॉर्ड पर लाया गया था।

शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र सरकार, महाराष्ट्र के डीजीपी, केंद्र और अन्य को नोटिस जारी किया था। तत्कालीन महाराष्ट्र सरकार ने मामले की स्वतंत्र जांच की मांग वाली याचिका का विरोध किया था और शीर्ष अदालत के समक्ष आरोप पत्र जमा किया था, और यह भी बताया था कि विभागीय जांच के माध्यम से दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## देश के 50वें सीजेआई होंगे जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, 9 नवंबर को लेंगे शपथ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ देश के अगले मुख्य न्यायाधीश होंगे। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस यूयू ललित ने आज मंगलवार को जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का नाम अपने उत्तराधिकारी और भारत के नए सीजेआई के लिए नामित कर दिया है। जस्टिस चंद्रचूड़ अब अगले महीने 9 नवंबर को देश के 50वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर शपथ लेंगे। सीजेआई यूयू ललित ने केंद्र सरकार को भेजे अपने जवाब में अगले मुख्य न्यायाधीश के रूप में जस्टिस चंद्रचूड़ का नाम भेजा है। ऐसे में जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ देश के 50वें सीजेआई के रूप में पद संभालेंगे।

सीजेआई ललित ने 49वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर 27 अगस्त 2022 को पद की शपथ ली थी और वह 8 नवंबर को रिटायर हो रहे हैं। जबकि जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ का कार्यकाल 2 साल 1



दिन का रहेगा। वह 2024 में 10 नवंबर को रिटायर होंगे। कुछ दिन पहले ही कानून मंत्रालय ने भारत के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों की नियुक्ति से संबंधित ज्ञापन प्रक्रिया (एमओपी) के तहत सीजेआई यूयू ललित को एक पत्र भेजकर उनसे अपने उत्तराधिकारी की नियुक्ति के लिए सिफरिशें भेजने को कहा था।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति की प्रक्रिया से संबंधित ज्ञापन प्रक्रिया (एमओपी) के तहत निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश कानून मंत्रालय से पत्र पाने के बाद अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश की प्रक्रिया शुरू करते हैं।देश की शीर्ष न्यायालय में अभी तीन महिला न्यायाधीशों सहित 29 न्यायाधीश हैं, जबकि आवंटित संख्या 34 है।

इससे पहले कल सुप्रीम कोर्ट में शेष चार रिक्तियों को भरने की कवायद अधूरी रह गई क्योंकि मुख्य न्यायाधीश ललित की अगुवाई में पांच सदस्यीय कॉलेजियम की बैठक कोर्ट के सीनियर जज जस्टिस चंद्रचूड़ और जस्टिस एसए नजीर की आपत्तियों के चलते बेनतीजा रही थी। नियुक्ति के प्रस्ताव पर लिखित सहमति मांगने के विषय पर यह आपत्ति जताई गई थी।

जस्टिस ललित ने 49वें मुख्य न्यायाधीश के तौर पर 27 अगस्त 2022 को पद की शपथ ली थी और वह अगले महीने रिटायर हो रहे हैं। उनके रिटायर होने में एक महीना से भी कम समय रह गया है। यह परंपरा रही है कि निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश अपना कार्यकाल एक महीने से भी कम शेष रह जाने पर कॉलेजियम की चर्चा के जरिये न्यायाधीशों की नियुक्ति का मुद्दा अपने उत्तराधिकारी के लिए छोड़ देते हैं।

विभिन्न उच्च न्यायालयों में करीब 20 न्यायाधीशों की नियुक्ति के अलावा सीजेआई ललित की अगुवाई में कॉलेजियम ने हाल में बंबई हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता को शीर्ष न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर प्रमोट करने की सिफारिश की थी।

## आगरा में जापानी पर्यटक से 23 लाख रुपये ठगने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**आगरा (आरएनएस)।** एक जापानी नागरिक से 23 लाख रुपये की कथित ठगी करने के आरोप में 45 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को इस घटना की जानकारी दी। आरोपी लपका अली हुसैन के खिलाफ इस साल जनवरी में आगरा टूरिस्ट थाने में आईपीसी की धारा 420 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) जय सिंह परिहार ने कहा, आरोपी को सोमवार को उस समय रंगे हाथों पकड़ा गया, जब वह ताजमहल के पास कुछ अन्य पर्यटकों को धोखा दे रहा था। उसे मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार, जापान के क्योटो निवासी 56 वर्षीय महिला मार्च 2019 में भारत आई थी। आगरा पहुंचने पर, वह अपने होटल के लिए रास्ता भटक गई तो उसने वहां के स्थानीय निवासी हुसैन से मदद ली।

अगले दिन हुसैन ने उसे शहर का दौरा कराया। बाद में, उसके बारे में कहा गया कि उसने आभूषण खरीदने के लिए उससे 23 लाख रुपये ठग लिए, जिसमें उसने वादा किया था कि वह सभी सीमा शुल्क औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद जापान वापस भेज देगा।

इसके बाद, वह जापान लौट आई लेकिन उसे कभी आभूषण नहीं मिले। वह इसी साल जनवरी में भारत लौटी और आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

## बारिश के साथ बाढ़ से हाहाकार : 88 गांव व 22 हजार की आबादी प्रभावित

**गोरखपुर (आरएनएस)।** जिले में बारिश के साथ बाढ़ से हाहाकार मच गया है. राप्ती, रोहिन और सरयू नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है. तो वहीं नदी के किनारे बसे गांव के लोगों के लिए नदियों को तेजी से बढ़ता जलस्तर मुसीबत का सबब बन गया है. गांव के साथ ही उनके घर भी डूब गए हैं. गोरखपुर में बाढ़ से 88 गांव प्रभावित हो गए हैं. इसमें 25 गांव पूरी तरह से मैरुंड हो गए हैं. 22 हजार की आबादी और 2,849.13 हेक्टेयर क्षेत्रफल भी प्रभावित है. 67 नाव लगाई गई है. राहत टीम को क्रियाशील करने के साथ ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के साथ सभी 86 बाढ़ चौकियों को भी एलर्ट कर दिया गया है. मंगलवार से कंट्रोल रूम को भी पूरी तरह



से प्रभावी कर दिया जाएगा।

गोरखपुर में राप्ती नदी के डेंजर लेवल रविवार की सुबह पार करने के बाद से ही आसपास के गांव प्रभावित हो गए हैं. इसके पहले शहर के उत्तर में रोहिन और दक्षिण में सरयू (घाघरा) नदी के डेंजर लेवल पार करने के बाद तेजी से बढने की वजह से नदी के आसपास के गांव और खेत मैरुंड हो गए. वर्तमान में गोरखपुर में नदियां तेजी के साथ बढ़ रही हैं. राप्ती नदी बर्डघाट पर डेंजर लेवल 74.98 को पार कर 0.49 आरएल मीटर ऊपर 75.47 पर बह रही है. रोहिन नदी त्रिमुहानी घाट पर खतरे के निशान 82.44 को पार कर 1.13 आरएल मीटर ऊपर 83.57 पर बह रही है. सरयू (घाघरा) नदी अयोध्या पुल पर खतरे के निशान 92.73 को पार कर 0.51 आरएल मीटर ऊपर 93.24 पर बह रही है. सरयू तुर्तीपार में खतरा बिंदु 64.01 से 0.64 आएल मीटर ऊपर 64.65 पर बह रही है. राप्ती, रोहिन, सरयू के साथ कुआनो नदी भी चढ़ान पर है।

गांववालों के बीच सुरक्षित स्थान पर जाने और नदियों और बढ़े हुए बाढ़ के पानी से खतरे को देखते हुए दूर रहने की सलाह दी जा रही है. लेकिन इसके बावजूद जान जोखिम में डालकर ग्रामीण और बच्चे तक गांव में घरों से रोजमर्रा की जरूरतों का सामान ले आने के लिए बगैर नाव के आ और जा रहे हैं. ऐसे में उनकी जान का खतरा भी बढ़ गया है. नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। इस वजह से गांव भी तेजी से बाढ़ की चपेट में आ रहे हैं. नदियों में बहाव भी काफी तेज है।

ऐसे में गांव में मुनादी कराने का खास असर नहीं दिखाई दे रहा है. गांववाले और बच्चे भी अपनी जान को जोखिम में डालने से बाज नहीं आ रहे हैं। गांवालों की मुश्किलें भी बाढ़ की वजह से बढ़ गई हैं. वे बता रहे हैं कि तीन से चार दिन से बारिश और बाढ़ की वजह से गांव में पानी घुस गया है. वे लोग सुरक्षित स्थान पर शरण लिए हैं. उनका कहना है कि वे लोग काफी परेशान हैं. हर साल इसी तरह से बाढ़ झेलनी पड़ती है. इस बार भी वही हाल है।

गोरखपुर जिले के प्रभावित कुल 88 गांव बाढ़ की चपेट में हैं. 21,832 आबादी और 2,849.13 हेक्टेयर क्षेत्रफल प्रभावित है. बाढ़ से बचाव के लिए कुल 67 नाव को लगाया गया है. कैम्पियरगंज तहसील बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित है. यहां पर 59 गांव वर्तमान में बाढ़ की चपेट में हैं. यहां पर 4 नाव राहत और बचाव के लिए लगाई गई है. 290 की आबादी और 1910.86 हेक्टेयर का क्षेत्रफल प्रभावित है. सदर तहसील में 12 गांव बाढ़ की चपेट में हैं. यहां पर 46 नाव राहत और बचाव के लिए लगाई गई है.

यहां पर सर्वाधिक 14,768 जनसंख्या और 570.883 हेक्टेयर क्षेत्रफल बाढ़ से प्रभावित है। इसके बाद गोला में 6 गांव प्रभावित हैं. इसमें 6 नाव राहत और बचाव के लिए लगाई गई हैं. 3100 की आबादी और 315.142 हेक्टेयर का क्षेत्रफल बाढ़ की चपेट में है. सहजनवां तहसील में 4 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं. इनमें राहत और बचाव के लिए 6 नाव लगाई गई है. यहां पर 875 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।